## जातीय समानता को बढ़ावा देने के मौजूदा और योजनाबद्ध उपाय

## वोकेशनल ट्रेनिंग काउन्सल (व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद)

व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (VTC) हांगकांग की सबसे बड़ी व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण (VPET) प्रदाता है। VTC रोजगार से पहले और रोजगार के दौरान व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है जो कि स्वास्थ्य और जीवन विज्ञान, व्यवसाय,बच्चे की देखभाल,बुजुर्ग और सामुदायिक सेवाएं, डिजाइन, इंजीनियरिंग, आतिथ्य सत्कार और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला को सम्मिलित करता है, जो हांगकांग के स्तंभ आर्थिक क्षेत्रों और उभरते हुए उद्योगों को पूर्ण सहयोग दे रहा है।

| | |
|---|---|
| संबंधित सेवाएं | • VTC VPET कार्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि VPET सेवाएँ जातीयता की परवाह किए बिना सभी के लिए सुलभ हैं, विविध जातीयता के लोगों की जरूरतों को पूरा करने पर विशेष ध्यान दिया जाता है। |
| मौजूदा उपाय | • <u>गैर-चीनी भाषी (NCS) छात्रों के लिए समर्पित VPET कार्यक्रम</u><br>NCS युवाओं और वयस्कों को उनकी विविध प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए VTC समर्पित कार्यक्रम प्रदान करता है। इन कार्यक्रमों में माध्यमिक विद्यालय छोड़ने वालों के लिए व्यवसाय, डिजाइन और आतिथ्य सत्कार के डिप्लोमा पाठ्यक्रम, वरिष्ठ माध्यमिक छात्रों के लिए व्यावहारिक शिक्षण पाठ्यक्रम,गैर-व्यस्त युवाओं के लिए व्यावसायिक विकास कार्यक्रम, व्यावसायिक चीनी भाषा और व्यावसायिक कौशल पर लघु पाठ्यक्रम शामिल हैं।<br><br>• <u>वैकल्पिक चीनी भाषा योग्यता की स्वीकृति</u><br>जहां एक कार्यक्रम में प्रवेश के लिए हांगकांग डिप्लोमा ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (HKDSE) के चीनी भाषा में विशिष्ट स्तर की आवश्यकता होती है, वहां वैकल्पिक चीनी भाषा योग्यता या HKDSE एप्लाइड लर्निंग चीनी भाषा परिणामों पर भी ध्यान दिया जाएगा। |

| | | |
|---|---|---|
| | • | <u>समर्थन सेवाएं</u><br>NCS छात्रों को रोजगार से पहले के कार्यक्रमों में अध्ययन और परिसर के जीवन-प्रबंधन के बारे में विभिन्न सहायता सेवाएं प्रदान की जाती हैं। इन सेवाओं में शैक्षिक और शिक्षण सहायता, स्थानीय छात्रों और समुदाय के साथ एकीकरण की गतिविधियां और आजीविका के विकास के लिए परामर्श और सुझाव प्रदान करना शामिल है। |
| भविष्य के काम का आकलन | • | VTC समानता की नीति को बनाए रखने और बढ़ावा देने और प्रदान किए गए कार्यक्रमों की प्रासंगिकता सुनिश्चित करने के लिए विविध जातियों के लोगों की सेवा करने वाले गैर-सरकारी संगठनों और माध्यमिक स्कूलों के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगा। |
| लिए गए / लिए जाने वाले अतिरिक्त उपाय | • | अपने सीखने और काम के माहौल में जातीय समानता को बढ़ावा देने के लिए, VTC ने अपनी कार्यकारी इकाइयों द्वारा संदर्भ के लिए दिशानिर्देश तैयार किए हैं। |
| | • | जातीय समानता पर जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए कर्मचारियों और छात्रों के लिए प्रशिक्षण और साझेदारी / संयुक्त सत्रों की व्यवस्था जारी रखेगा । |
| | • | VTC विविध जातीयता के छात्रों के बीच समावेश की संस्कृति और एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए गतिविधियाँ आयोजित करना जारी रखेगा । |
| | • | VTC की समर्पित समिति उपरोक्त उपायों के कार्यान्वयन की निगरानी करना जारी रखेगी । |

जातीय समानता को बढ़ावा देने के लिए मौजूदा और योजनाबद्ध उपायों की जांच के लिए, कृपया निम्नलिखित चैनलों के माध्यम से VTC के वरिष्ठ अधिकारी / प्रधान कार्यालय (शैक्षणिक सेवा) से संपर्क करें:

| | | |
|---|---|---|
| *टेलीफोन* नंबर | : | 2836 1758 |
| *फैक्स* नंबर | : | 2574 3705 |
| *ईमेल* | : | vtchqas@vtc.edu.hk |
| डाक का पता | : | 14/F VTC Tower, 27 Wood Road, Wanchai, Hong Kong |

*[ टिप्पणी :*

1. अंग्रेजी और अन्य भाषाओं में संस्करण के बीच किसी भी विसंगति के मामले में,अंग्रेजी संस्करण प्रबल होगा।
2. VTC के कार्यक्रमों और सेवाओं के लिए, अंग्रेजी और 8 अन्य भाषाओं (जैसे कि बहासा इंडोनेशिया, हिंदी, नेपाली, तागालोग, थाई, उर्दू, वियतनामी और पंजाबी) के बीच सामान्य व्याख्या / अनुवाद सेवाएं अनुरोध पर उपलब्ध होंगी।]

व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद

जून 2025